## एक नजर में

### तिरुपति बालाजी में त्रिवेणी का रोपण



**सनावद, निप्र ।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में लायंस क्लब की जीएमटी डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर अनिता जैन एवं लायंस क्लब सनावद स्नेह के अध्यक्ष भागचंद जैन ने सुप्रसिद्ध तीर्थस्थल तिरुपति बालाजी मंदिर के उपवन में त्रिवेणी पीपल, बरगद और नीम का रोपण किया। जैन दंपति ने मंदिर में दर्शन कर निमाड़ क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात त्रिवेणी का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

### प्रदेश अध्यक्ष की सक्रियता से शोक सभा में धर्मशाला के लिए 5 लाख रूपये की घोषणा



**बड़वाह, निप्र ।** तहसील के ग्राम भूदरी मे गवली समाज के रूपा जी यादव की धर्मपत्नी शांता बाई के स्वर्गवास के बाद अन्नदान पंगती कार्यक्रम मे श्रद्धांजलि स्वरूप शोक सभा आयोजित की गई।जिसमें संतो सहित बड़ी संख्या मे समाजन पहुँचे। जहाँ परचरी पुराण कथा वाचक श्री रमेश जी महाराज एवं समाज के वरिष्ठजनों के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकसभा को सम्बोधित किया।वही संत श्री सिंगाजी गवली समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश यादव ने अपने उद्बोधन में मुख्य रूप से ग्राम में समाज की धर्मशाला नहीं होने पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अभी तो ग्रीष्म ग्रीष्म ऋतु होने से समस्या कम है परंतु यही कार्यक्रम वर्षा ऋतु में हो तो हमारे लिए एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा इसलिए धर्मशाला निर्माण के लिए ग्राम के समस्त समाज बंधुओ से सहयोग की अपील करते हुए अतिशीघ्र भवन निर्माण के ठोस निर्णय लेने की बात कही।वही शोक सभा में उपस्थित संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बलवाड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु यादव से प्रदेश अध्यक्ष ने मांग करते हुए कहा आप क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव से समाज की धर्मशाला हेतु तत्काल सहयोग करवाए वही मंडल अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में बताया कि अभी मेरी विधायक महोदय से चर्चा हुई है ओर उनके द्वारा गवली समाज धर्मशाला निर्माण में पांच लाख रुपए की घोषणा की जाती हैं।साथ ही कार्यक्रम में राष्टीय अध्यक्ष बाबूलाल पटेल, गुजर समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बलराम पटेल, जिला अध्यक्ष हरिराम भूषाण सहित समाजजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने उद्बोधन व्यक्त किए।वही प्रदेश अध्यक्ष ने सहयोग के लिये विधायक महोदय का आभार व्यक्त किया। अंत में स्वर्गीय शांता बाई के दामाद सिंगाजी मंदिर खेड़ा धाम के अध्यक्ष चेतराम यादव ने कार्यक्रम में पधारे सभी का आभार माना। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर दिनेश यादव ने किया।

### 2 किमी दूर से पानी लाने को मजबूर ग्रामीण



**कसरावद, निप्र ।** विकास से कोसों दूर तालाब फालिया, 2 किमी दूर से पानी लाने को मजबूर ग्रामीण* विकास के तमाम दावों के बीच कसरावद तहसील का ग्राम पंचायत झिरनिया का तालाब फालिया आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। हालात ये हैं कि यहां के लोगों को पीने के पानी के लिए रोजाना करीब 2 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है।इस बारे में पंचायत सरपंच, सचिव बात की जाती है तो दोनों का सही जवाब नहीं आता है। फोन लगाने पर भी कभी फोन उठाते हैं और कभी नहीं उठाते और उठा भी लेते हैं तो आज तक कोई काम नहीं किया। गांव में हैंडपंप या नल-जल योजना नहीं है। मजबूरी में ग्रामीण गंदा तालाब या दूसरे स्रोतों का पानी पी रहे हैं, जिससे बीमारी का खतरा बढ़ गया है। तालाब फालिया तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क नहीं है। बारिश में कीचड़ और गड्ढों के कारण 2 किमी दूर से पानी लाना और भी मुश्किल हो जाता है। गांव के इस हिस्से में आज तक बिजली नहीं पहुंची है। रात होते ही अंधेरा पसर जाता है। स्थानीय निवासी बताते हैं कि सुबह का बड़ा हिस्सा सिर्फ पानी लाने में चला जाता है। बच्चे स्कूल नहीं जा पाते और महिलाएं घर का काम छोड़कर दूर से पानी ढोती हैं। गर्मी में हालात और बदतर हो जाते हैं। कई बार गंदा पानी पीने से उल्टी-दस्त की शिकायत भी सामने आती है।ग्रामीणों ने कई बार पंचायत और अधिकारियों से नल-जल योजना, सड़क और बिजली की मांग की है, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के इतने साल बाद भी हम मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। तत्काल टैंकर व्यवस्था : जब तक स्थायी समाधान न हो, रोजाना टैंकर से साफ पानी पहुंचाया जाए। नल-जल योजना से जोड़ना : जल जीवन मिशन के तहत तालाब फालिया को प्राथमिकता पर लिया जाए। सड़क-बिजली का सर्वे : लोक निर्माण विभाग और बिजली विभाग तुरंत सर्वे कर एस्टीमेट बनाएं। तालाब फालिया के लोग पूछ रहे हैं कि डिजिटल इंडिया के दौर में भी हमें गंदा पानी पीने और अंधेरे में रहने को मजबूर क्यों होना पड़ रहा है? अब देखना है कि प्रशासन की नींद कब टूटती है।

### स्वामी अमूर्तानंद पुरी सेवा न्यास ' द्वारा पक्षियों के लिए सकोरे वितरित किए



**बिस्टान, निप्र ।** वर्तमान में भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से बेजुबान पक्षियों के लिए अन्न, जल की व्यवस्था हेतु, खरगोन शहर के ' स्वामी अमूर्तानंद पुरी सेवा न्यास ' द्वारा 'सकोरा' ( मिट्टी के बर्तन), वितरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। न्यास द्वारा हर घर पंछियों के लिए अन्न, जल व्यवस्था हेतु वितरण के अभियान में महिला, पुरूष, बच्चों, राहगीरो को सकोरा वितरित किया गया। कालोनियों में घर की बालकनी, छतों और पार्कों, चौराहो में नियमित दाना-पानी रखे ऐसा संकल्प लिया गया। और आम जनता से भीषण गर्मी में पक्षियों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। न्यास के सदस्यों ने गायत्री मंदिर तिराहे सनावद रोड पर एकत्रित हो राहगीरों को सकोरे वितरित किए ।

# निधिवन मेहरजा में भव्य पौधरोपण, हरित भविष्य का संकल्प

## विश्व पर्यावरण दिवस व एक पेड़ मां के नाम अभियान



**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र ।** विश्व पर्यावरण दिवस एवं 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत खरगोन शहर से लगभग 07 किलोमीटर दूर जनपद पंचायत गोगावां की ग्राम पंचायत मेहरजा स्थित निधिवन परिसर में भव्य पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि तथा जनसहभागिता के माध्यम से प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान 300 पौधों का रोपण किया गया, जिनमें त्रिवेणी (पीपल, बरगद एवं नीम) के साथ-साथ जामुन, अमरूद, कचनार एवं अन्य उपयोगी व फलदार प्रजातियां शामिल रहीं। सभी उपस्थितजनों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण के निर्माण का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत मेहरजा के निधिवन परिसर में पूर्व वर्षों में लगभग 30 हजार पौधों का रोपण कर एक आकर्षक हरित उद्यान विकसित किया गया है। यहां सुंदर हरियाली, लैंडस्केपिंग, प्रतिमाएं, तालाब, बोटिंग सुविधा, ट्रैकिंग पथ एवं ओपन जिम जैसी व्यवस्थाएं विकसित की गई हैं, जिससे शहरी एवं ग्रामीण नागरिकों, महिलाओं एवं बच्चों को भ्रमण, योग, व्यायाम एवं मनोरंजन की बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 1,000 से अधिक ग्रामीणजन, महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्य, शासकीय कर्मचारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने पूर्व से रोपित पौधों की साफ-सफाई हेतु श्रमदान किया तथा उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया।इस अवसर पर विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल एवं सुरक्षा भी आवश्यक है। बढ़ते प्रदूषण के दौर में प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी निभानी होगी। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर 05 जून को सांकेतिक रूप से पौधरोपण किया गया है, जबकि यह अभियान आगामी तीन माह तक जिलेभर में व्यापक स्तर पर संचालित किया जाएगा। उन्होंने अधिकाधिक पौधरोपण, हरित आवरण बढ़ाने तथा फलदार पौधों के माध्यम से किसानों की आय वृद्धि के प्रयासों की जानकारी दी। साथ ही आजीविका मिशन से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूहों को पौध उत्पादन, रोपण एवं संरक्षण से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की बात कही। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राजेश शाक्य ने 05 जून से 21 जून तक संचालित होने वाले जन-जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण अभियानों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने पौधारोपण, जल संरक्षण, स्वच्छता, योग एवं जनभागीदारी आधारित गतिविधियों में सभी से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंतर्गत अंकुर अभियान के तहत वायुदूत एप पर पौधारोपण का पंजीयन कर पौधों के साथ फोटो अपलोड की गई। सभी नागरिकों को अधिक से अधिक पौधारोपण कर अभियान से जुड़ने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन एवं हरित विकास का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनूबाई तंवर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री बापू सिंह परिहार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री भोलू कर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मिलिंद कुमार नागदेवे, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राजेश शाक्य, जनपद पंचायत गोगावां की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री शिवानी वर्मा, ग्राम पंचायत मेहरजा सरपंच श्रीमती ज्योतिबाई सोलंकी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी -कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## जागरूकता संग पौधारोपण के साथ पर्यावरण संरक्षण पखवाड़ा शुरू



**खरगोन, निप्र ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून से जिले में पर्यावरण संरक्षण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। निरंजनलाल अग्रवाल फाउंडेशन, बीटल रीजन एवं केके फाइबर्स के संयुक्त तत्वावधान में शुरू हुए इस अभियान का उद्देश्य जिले के विभिन्न ग्रामों में पर्यावरण संरक्षण एवं उसके महत्व के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करना है। निरंजनलाल अग्रवाल फाउंडेशन के प्रमुख प्रीतेश अग्रवाल ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वर्षा ऋतु के दौरान प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए। उसकी नियमित देखरेख कर उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखे। हेमंत राजपूत ने किसानों को संदेश दिया कि वे अपने खेतों की मेड़ों पर फलदार एवं छायादार पौधे लगाएं। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसानों को भविष्य में अतिरिक्त आय के अवसर भी प्राप्त होंगे। आयोजकों ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण पखवाड़ा के दौरान जिले के विभिन्न ग्रामों में जागरूकता कार्यक्रम, पौधारोपण एवं संरक्षण गतिविधियां निरंतर संचालित की जाएंगी।

## कलेक्टर ने जिला स्तरीय समिति में अशासकीय सदस्यों की नियुक्ति की



**बड़वाह, निप्र ।** खरगोन जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग के अनुमोदन पर जिला कलेक्टर ने विभिन्न जिला स्तरीय समिति में अशासकीय सदस्यों की नियुक्ति की है । जिसमें जिला शिक्षा समिति की अनुदान समिति में बड़वाह के भाजपा नेता रोमेश विजयवर्गीय को नियुक्त किया गया है।मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र द्वारा जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग के अनुमोदन में उक्त जिला स्तरीय समिति का गठन हुआ हे ।जिला शिक्षा समिति में हुई इस नियुक्ति पर भाजपा नेता रोमेश विजयवर्गीय को सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, भाजपा जिला अध्यक्ष नंदा ब्रह्माने, विधायक सचिन बिरला, जिला महामंत्री विवेक भटोरे, हरे सिंह चावड़ा, नपा अध्यक्ष राकेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अंकित गुप्ता सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है। उल्लेखनीय हे श्री विजयवर्गीय बीते अनेक वर्षों भाजपा संगठन में समय समय पर मिलने वाली जिम्मेदारियों का निर्वहन बखूबी से करते रहे हे। इसी के चलते प्रभारी मंत्री श्री सारंग द्वारा उक्त अनुमोदन किया गया हे।

## एक पेड़ मां के नाम, कल स्वच्छ हवा पूरे समाज के नाम का नारा दिया एसडीएम सत्यनारायण दर्रा ने



**बड़वाह, निप्र ।** बड़वाह विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान द्वय प्रशासनिक अधिकारी के जन्मदिवस के अवसर पर एसडीएम सत्यनारायण दर्रा एवं तहसीलदार शिवराम कनासे सहित कई अधिकारियों जनप्रतिनिधियों मीडिया कर्मियों ने सामूहिक रूप से वृक्षारोपण किया। शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम के तहत एरिकेश कालोनी स्थित एसडीएम भवन निवास के पीछे खुली भूमि में तार फेंसिंग कर करीब 20 से अधिक छायादार पौधे रोपे गए। इस अवसर पर आज एक पेड़ मां के नाम, कल स्वच्छ हवा पूरे समाज के नाम' का नारा भी दिया गया। वृक्षारोपण अभियान में विक्रांत कोठारी सुनील सिंह ठाकुर सुनील नामदेव गुरविंदसिंह भाटिया अशोक केवट विजय परिहार चीकू गौड विपिन जैन सुनील परिहार पटवारी कबीर जाधव ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। एसडीएम सत्यनारायण ने आम जनता से प्रकृति को बचाने और अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, राजस्व विभाग के कर्मचारियों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने उपस्थित होकर पर्यावरण को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया।

## स्वच्छ पर्यावरण से ही सुरक्षित होगा हमारा भविष्य



**खरगोन, निप्र ।** 'पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ, पर्यावरण को स्वच्छ बनाओ' के प्रेरक संदेश के साथ शासकीय कन्या महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. आर.के. यादव ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए प्रतिवर्ष 05 जून को पूरे विश्व में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आमजन को प्रकृति की रक्षा के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा ही मानवता की सच्ची सुरक्षा है। कार्यक्रम में डॉ. धर्मेंद्र भालसे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 'प्रदूषण मुक्त हो धरती हमारी, यही है जिम्मेदारी हमारी।' उन्होंने बताया कि स्वच्छ पर्यावरण हमारे स्वास्थ्य और शांतिपूर्ण जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। बढ़ते प्रदूषण और वनों की कटाई के कारण आज पर्यावरण गंभीर संकट से गुजर रहा है। डॉ. गोरेलाल डावर ने कहा कि पर्यावरण हमारे चारों ओर का वह प्राकृतिक आवरण है, जो हमें जीवन जीने के लिए स्वच्छ हवा, पानी और भोजन प्रदान करता है। हवा, पानी, मिट्टी, पेड़-पौधे और जीव-जंतु सभी पर्यावरण का हिस्सा हैं। उन्होंने अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. मोनिका चौहान ने कहा कि पर्यावरण पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व का मूल आधार है। यह हमें सांस लेने के लिए ऑक्सीजन, पीने के लिए पानी और भोजन के लिए उपजाऊ मिट्टी प्रदान करता है, जिनके बिना जीवन संभव नहीं है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. छाया पटेल ने किया। उन्होंने कहा कि 'प्रकृति हमारी धरोहर है' और इसकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। विश्व पर्यावरण दिवस हमें यह संदेश देता है कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण अनिवार्य है, ।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों ने कुंदा नदी तट पर चलाया स्वच्छता अभियान



**खरगोन, निप्र ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन की राष्ट्रीय सेवा योजना (हस्स्) इकाई द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जल संकट के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'जल चेतना परिक्रमा' एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.एस. चौहान के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने कुंदा नदी के तट पर 'जल चेतना परिक्रमा' करते हुए साफ-सफाई अभियान चलाया। इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों एवं युवाओं को जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन (वाटर हार्वेस्टिंग) तथा जल स्रोतों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. जी.एस. चौहान ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और निमाड़ अंचल में बढ़ते जल संकट को देखते हुए जल चेतना समय की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज में पर्यावरण क्रांति के अग्रदूत बनने तथा पानी की एक-एक बूंद बचाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम की एक विशेष उपलब्धि के रूप में छात्र-छात्राओं ने स्वयं श्रमदान कर महाविद्यालय परिसर में एक अनूठी 'पर्यावरण वाटिका' का निर्माण किया। विद्यार्थियों ने भूमि तैयार कर थाले बनाए और उत्साहपूर्वक 21 औषधीय, छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया। इनमें नीम, बादाम, जामुन, अशोक एवं आंवला जैसे दीर्घायु पौधों को प्राथमिकता दी गई। महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सावित्री भगोरे ने बताया कि इस वाटिका का उद्देश्य परिसर को हरित एवं प्रदूषण मुक्त बनाना है, जिससे भविष्य में विद्यार्थियों को शुद्ध वायु और स्वस्थ अध्ययन वातावरण मिल सके। एनएसएस के जिला संगठक अधिकारी डॉ. सुरेश अवासे ने विद्यार्थियों के इस रचनात्मक प्रयास की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों ने रोपित पौधों को गोद लेकर उनकी नियमित देखभाल एवं सिंचाई करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर डॉ. रंजीता पाटीदार ने सभी प्रभारियों, प्राध्यापकों एवं अनुशासित छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. डी.एस. बामनिया, डॉ. आर.एस. डावर, डॉ. राजेंद्रसिंह चौहान, प्रो. सी.एल. निगवाल, प्रो. डॉ. गणेश पाटिल, बी.एस. सोलंकी सहित छात्र-छात्राए एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

**एक नजर में** — मेडिकल का लाइसेंस निरस्त करने के लिए ड्रग इंस्पेक्टर को पत्र लिखा गया है

# भगवानपुरा में झोलाछाप डॉक्टर का क्लिनिक और मेडिकल सील, तीन सालों से लगातार कार्रवाई





**नवभारत न्यूज**

**बिस्टान, निप्र ।** भगवानपुरा में बस स्टैंड पर वर्षों से जमे हुए झोलाछाप डॉक्टर दिनेश प्रजापत का प्रशासन ने मेडिकल सील कर दिया है। जानकारी के अनुसार भगवानपुरा सीबीएमओ सुनील वर्मा, नायब तहसीलदार पूनिया परमार, पटवारी वसीम खान, पुलिस विभाग ने मिलकर कार्यवाही की इस कार्यवाही से क्षेत्र के धुलकोट काबरी, भगवानपुरा, भग्यापुर, देवला, सिरवेल, पीपलझोप में शुक्रवार को सभी डॉक्टरों ने अपने क्लीनिक बंद कर रफू चक्कर हो गए। सीबीएमओ सुनील वर्मा ने बताया कि भगवानपुरा में बस स्टैंड पर झोलाछाप डॉक्टर दिनेश प्रजापत मेडिकल स्टोर की आड़ में फर्जी क्लीनिक चला रहा था। इसी एलोपैथी दवाइयां जो सिर्फ विशेषज्ञ डॉक्टर चलाते है प्रजापत के पास कोई अनुमति है ना कोई डिग्री है कुछ लोगों द्वारा कई बार जिला कलेक्टर महोदय को शिकायत कर चुके है पूर्व में भी क्लीनिक सील किया गया था मगर बाद में मेडिकल स्टोर खोल कर पीछे दवाखाना चला रहा था जो इंजेक्शन ओर बाटल लोगों को लगाई जा रही है अभी मेडिकल स्टोर सील किया गया है जिस नाम से मेडिकल का लाइसेंस है वो महिला कभी भी नहीं मिलती है जिसके लिए जिले में मेडिकल का लाइसेंस निरस्त करने के लिए ड्रग इंस्पेक्टर को पत्र लिखा गया है और इनके पास से जो दवाइयां मिली है ये नहीं यूज कर सकता है ।

**लाइसेंस किसी ओर चला कोई ओर रहा :-** बीएमओ सुनील वर्मा ने बताया कि मेडिकल का लाइसेंस वर्षा प्रजापत के नाम से जो मेडिकल पर हर बार छापा मारने के द्वारा नहीं मिलती है। 2024 ओर 2025 में भी कार्यवाही हो चुकी है। 2024 में भगवानपुरा में बीएमओ सुनील वर्मा और भगवानपुरा तहसीलदार, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग द्वारा सयुक्त कार्यवाही की गई थी मगर आगे कोई कार्यवाही नहीं बड़ी ओर कुछ ही दिनों में वापस अपना मेडिकल खोल पीछे फिर से क्लीनिक चालू कर दिया इसी पर 2025 में तहसीलदार ओर ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा फिर मेडिकल पर कार्यवाही की गई थी मगर फिर कुछ समय बाद वही मेडिकल ओर क्लीनिक वापस चालू कर दिया ओर 2026 में तीसरी कार्यवाही एक ही मेडिकल ओर क्लीनिक पर हर साल कार्यवाही होती है मगर आगे नहीं बढ़ती है इससे तो यही लगता है कि डॉ प्रजापत द्वारा अधिकारियों से साठ गांठ कर अपना फर्जी क्लीनिक बेधक होकर चलाता रहता है। भगवानपुरा में फर्जी क्लीनिक ओर मेडिकल स्टोर सील किया है आगे की कार्यवाही के लिए जिला प्रशासन को अवगत करवाया है।